सं: 1:05:138:I:सीएस
दिनांक: 05.11.2019

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051	बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001

विषय: **<u>सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसार बोर्ड बैठक की सूचना</u>**

महोदया/महोदय,

सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 14 नवंबर, 2019 को आयोजित होने वाली अपनी बैठक में अन्य विषयों के साथ 30 सितंबर, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम (एकल एवं समेकित) पर भी विचार किया जाएगा।

इस संबंध में, इनसाइडर द्वारा ट्रेडिंग के विनियमन एवं रिपोर्टिंग हेतु तथा उचित प्रकटन हेतु पीएफसी की आचरण संहिता, 2015 (संहिता) के अनुसार, हमारे दिनांक 3 अक्तूबर, 2019 के पत्र द्वारा पहले ही सूचित किया गया है कि कंपनी की प्रतिभूतियों में व्यापार करने के लिए ट्रेडिंग विंडो दिनांक 01 अक्तूबर, 2019 को बंद थी तथा 30 सितंबर, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय विवरण की घोषणा होने के बाद अड़तालीस (48) घंटे की समाप्ति तक बंद रहेगी।

'संहिता' में परिभाषित सभी संबंधित कार्मिकों (पीएफसी की सहायक कंपनी के कार्मिकों सहित) और अन्य संबद्ध व्यक्तियों को सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त अवधि के दौरान कंपनी की प्रतिभूतियों एवं इसके इक्विटी शेयरों तथा सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों में व्यापार न करें।

आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com